राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

भारत के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ॰ राजेन्द्र प्रसाद की जयन्ती के अवसर पर राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

पटना, 03 दिसम्बर 2019

भारत के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ॰ राजेन्द्र प्रसाद के 135वें जयन्ती–समारोह के अवसर पर राजभवन के सामने स्थित राजेन्द्र बाबू की प्रतिमा पर महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने माल्यार्पण कर अपना नमन निवेदित किया। उक्त अवसर पर आयोजित इस राजकीय समारोह में माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार द्वारा भी देशरत्न डॉ॰ राजेन्द्र प्रसाद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।

भारत के प्रथम राष्ट्रपति स्व॰ राजेन्द्र बाबू की प्रतिमा पर माल्यार्पण करनेवालों में माननीय उपमुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, माननीय विधान सभा के अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी, माननीय शिक्षा मंत्री श्री कृष्ण नन्दन प्रसाद वर्मा सहित कई जन–प्रतिनिधिगण, सामाजिक–राजनीतिक संगठनों के पदाधिकारी–प्रतिनिधिगण, गणमान्यजन आदि भी शामिल थे।

राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, विधानसभा के अध्यक्ष एवं शिक्षा मंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर लगे शिविर में चरखा से सूत कातती महिलाओं के बीच अंगवस्त्रम् का भी वितरण किया।

बाद में, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री एवं विधान सभा के अध्यक्ष आदि महत्त्वपूर्ण व्यक्तियों ने राजेन्द्र घाट स्थित राजेन्द्र बाबू की समाधि पर भी जाकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। राज्यपाल श्री फागू चौहान ने यहाँ 'विजिटर्स बुक' में अपनी भावांजलि अर्पित करते हुए लिखा कि बाबू राजेन्द्र प्रसाद के समाधि–स्थल पर आकर मुझे अद्भुत अनुभव हुआ है। कार्यक्रम में राजेन्द्र घाट स्थित स्व॰ राजेन्द्र बाबू की समाधि पर कई जन–प्रतिनिधियों, सामाजिक–राजनीतिक संगठनों के पदाधिकारियों/प्रतिनिधियों, वरीय प्रशासनिक अधिकारियों आदि ने भी अपने श्रद्धा–सुमन अर्पित किये।

दोनों कार्यक्रमों में सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती–पूजन, भजन एवं देशभक्तिपूर्ण गीतों के गायन आदि कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये।

....